# कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(रा0) गरियाबंद, जिला–गरियाबंद(छ0ग0)

**Email ID-anuvibhag15@gmail.com**

## //ज्ञापन //

क्रमांक/1603/वा–1/अ.द./2025 गरियाबंद, दिनांक 21.05.2025

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल गरियाबंद

विषय :– पेड़ काटने हेतु अनुमति बाबत प्राप्त आवेदन के संबंध में।

——0000——

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्यामलाल सेन पिता स्व. भरोसा राम सेन निवासी ग्राम धवलपुर, तहसील व जिला–गरियाबंद(छ.ग.) द्वारा सुशासन तिहार 2025 में आवेदन क्रमांक 25144516301109 के माध्यम से मेरे घर के सामने मुख्य बाजार गली वार्ड नम्बर 06 में कई वर्षो से सुखा पेड घर के सामने स्थित है, जो कभी भी गिर सकता है। अतः घर के सामने सुखा कुसुम (लाल) पेड गिराने बाबत ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में राजस्व निरीक्षक बिन्द्रानवागढ़ के पंचनामा में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, हल्का पटवारी के हस्ताक्षर के आधार पर प्रतिवेदन दिनांक 19.05.2025 के अनुसार सूखा कुसुम वृक्ष आबादी ख.नं. 98 रकबा 11.43हे0 के भाग पर आवेदक के घर के सामने रास्ता के किनारे खडे अवस्था में है तथा आधा सड चुका है जो गिरने की संभावना है। वृक्ष गिरने की स्थिति में आवेदक का मकान या संतोष तिवारी के आहता क्षति होने की संभावना है। सूखा वृक्ष रास्ता के किनारे स्थित होने से गिरने की स्थिति में जन हानि होने की संभावना बनी हुई है।

उपरोक्त जांच से मेरा यह समाधान होता है कि उक्त वृक्ष पूरी तरह सूख चुका है तथा कभी भी जन हानि की संभावना बन सकती है। अतः उपरोक्त वृक्ष की कटाई के लिए छ0ग0 भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 240 के अधीन निर्मित नियम 05 के तहत अनुशंसा की जाती है।

अतः तदनुसार मय जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।

अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
गरियाबंद

पृ.क्रमांक/1603-07/वा–1/अ.द./2025 गरियाबंद, दिनांक 21.05.2025

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर महोदय गरियाबंद को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. तहसीलदार गरियाबंद को सूचनार्थ।
3. राजस्व निरीक्षक बिन्द्रानवागढ़/हल्का पटवारी, प.ह.नं. 30 ग्राम धवलपुरडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. आवेदक श्यामलाल सेन पिता स्व. भरोसा राम सेन निवासी ग्राम धवलपुर, तहसील व जिला–गरियाबंद(छ.ग.) को सूचनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
गरियाबंद